हिन्दी विभाग

सप्त दिवसीय कार्यशाला (उद्घाटन कार्यक्रम)

25 अक्टूबर हिन्दी विभाग द्वारा 25 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले 'भाषा, वर्तनी, ध्वनियाँ एवं व्याकरण का उचित अनुप्रयोग' विषयक सप्त दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. अरविन्द त्रिपाठी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुधा शुक्ला ने जबकि संचालन विभागीय विद्यार्थी श्री तारकेश्वर पाण्डेय ने किया।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करती हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह

कार्यशाला का दूसरा दिन

26 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं को शब्दोच्चारण एवं वर्तनी सम्बन्धी बातों का प्रशिक्षण किया।

प्रशिक्षुओं को वर्तनी सम्बन्धी जानकारी देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

प्रशिक्षुओं को मात्रात्मक त्रुटियों के सम्बन्ध में जानकारी देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

कार्यशाला का तीसरा दिन

27 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं को मात्रात्मक अनवधानता से बचने का तरीका बताते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया।

भाषा पर व्याख्यान देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

कार्यशाला का चौथा दिन

28 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने 'भाषा के विविध आयाम' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने तथा संचालन हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधाा शुक्ला नें किया।

कार्यशाला का पाँचवाँ दिन

29 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के पाँचवाँ दिन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पाठालोचन की विविध विधियों से परिचित कराया।

मुख्य अतिथि प्रो. आर.डी. राय को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए

व्याकरण सम्बंधी ज्ञान देते प्रो. आर.डी. राय

कार्यशाला का छठवाँ दिन

30 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. रामदरश राय नें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को व्याकरण सम्बन्धी त्रुटियों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपायों से परिचित कराया।

महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कार्यशाला साँतवाँ दिन (समापन समारोह)

कार्यशाला के समापन अवसर पर व्याख्यान देते डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी

31 अक्टूबर हिन्दी विभाग द्वारा 25 से 31 अक्टूबर तक 'भाषा, वर्तनी, ध्वनियाँ एवं व्याकरण का उचित अनुप्रयोग' विषयक सप्त दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सतीश चन्द्र पी.जी. कॉलेज, बलिया के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह नें सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला नें एवं संचालन विभागीय विद्यार्थी श्री ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने किया।